अनुपूरक बजट

चर्चा में क्यों?

27 जुलाई, 2021 को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ विधानसभा के मानसून सत्र में राज्य के चालू वित्तीय वर्ष का पहला अनुपूरक बजट पेश किया।

प्रमुख बिंदु

- यह अनुपूरक बजट 2485 करोड़ रुपए का है।
- इस बजट में 'जल जीवन मिशन योजना' के लिये सर्वाधिक 500 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।
- इसी तरह कोविड-19 के खिलाफ लड़ाई के लिये 208 करोड़ रुपए, भूमिहीन खेतहिर मज़दूरों के लिये (न्याय योजना के तहत) 200 करोड़ रुपए तथा कर्ज़ का ब्याज चुकाने के लिये 105 करोड़ रुपए का प्रावधान इस बजट में किया गया है।
- अनुपूरक बजट में छत्तीसगढ़ महतारी दुलार योजना के लिये 4 करोड़ रुपए, साजा में 50 बिस्तर के एमसीएच (मातृ-शिशु) की स्थापना के लिये 1.60 करोड़ रुपए तथा रायपुर में स्वामी विवेकानंद स्मृति संस्थान की स्थापना के लिये 1.30 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।
- बजट में अन्य प्रावधान हैं-
  - संचार क्रांति योजना - 100 करोड़ रुपए
  - राष्ट्रीय आजीविका मिशन - 121.90 करोड़ रुपए
  - मजरा टोला विद्युतीकरण योजना - 58 करोड़ रुपए
  - मुख्यमंत्री हाट बाज़ार क्लीनिक योजना - 7 करोड़ रुपए

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/supplementary-budget